कोटद्वार, बुधवार
1 जनवरी 2025
वर्ष: 46
अंक: 234 पृष्ठ: 4
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक : स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### स्कूटी पर बैठी महिला की मौत

रुद्रपुर। दरऊ चौक पर ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इस घटना में स्कूटी पर अपने पति के साथ पीछे बैठी महिला की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। बीते सोमवार को वीरेंद्र पाल पुत्र ढाकन लाल निवासी बकैनिया काले खां बहेड़ी हाल निवासी उत्तरांचल कालोनी किच्छा पत्नी तारावती के साथ रिश्तेदारी में गांव पटेरी पुलभट्टा गए थे। रात लगभग 10 बजे वह अपनी पत्नी तारावती को स्कूटी पर बैठाकर वापस आ रहे थे। दरऊ चौक पर पीछे से आ रहे ट्रक ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी। इस घटना में तारावती ट्रक के टायर के नीचे आकर गंभीर रूप से घायल हो गई और वीरेन्द्र पाल चोटिल हो गया। घटना के बाद दरऊ चौक पर जाम स्थिती बन गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। एंबुलेंस के माध्यम से तारवती को सीएचसी लाया गया। यहां चिकित्सकों ने तारावती को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

### बर्फबारी से बंद मोरी के गांवों में रास्ते खुले

उत्तरकाशी। गत दिनों मोरी विकास खण्ड में भारी हिमपात हुआ, जिससे विकास खण्ड के गोविंद वन्य जीव विहार राष्ट्रीय पार्क क्षेत्र में निवास करने वाले एक दर्जन से अधिक ग्रामीणों के पैदल रास्ते बर्फबारी से बंद पड़े थे। मंगलवार तक सभी रास्ते खुलने के बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। पार्क क्षेत्र के ओसला, गंगाड, पवाणी, ढाटमीर, फिताडी, लिवाडी, कासला,राला, रेकचा, मसरी, दौणी, खन्यासणी, बरी, सेवा, ग्वाल गांव, भितरी आदि ग्रामीणों को एक गांव से दूसरे गांव का सफर बर्फबारी में ही करने को मजबूर हैं। ग्रामीण रणदेब सिंह कुंवर, राजपाल सिंह रावत, उमराव सिंह चौहान आदि ने बताया कि बर्फबारी से उनके गांव के पैदल रास्ते बाधित हो गए थे।

# नए साल के जश्न के लिए उमड़ी भीड़, पर्यटकों से होटल पैक

नैनीताल। नववर्ष के जश्न के लिए नैनीताल सज चुका है और होटलों की ओर से तैयारियां पूरी की जा चुकी हैं। शहर के अधिकतर बड़े होटलों में सौ फीसदी कमरे पैक है। इन होटलों के पैकेज में आकर्षक कार्यक्रम व गीत–संगीत की धूम आज शाम देखने को मिलेगी। नैनीताल में सोमवार को हजारों की संख्या में पर्यटक पहुंचे। होटलों की ओर से लाइव म्यूजिक के साथ ही गाला डिनर व डीजे की भी व्यवस्था की गई है। इसके अलावा म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता भी सैलानियों के लिए आकर्षण का केंद्र रहेगी।

होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष दिग्विजय सिंह बिष्ट ने बताया कि मालरोड, ठंडी सड़क समेत नगर के कई हिस्सों को बिजली की मालाओं से सजाया गया है। इस वर्ष मॉलरोड पर 10 गैस हीटर



की भी व्यवस्था की गई है। इधर, थर्टी फर्स्ट के दिन मंगलवार होने से मांस विक्रेताओं का काम प्रभावित हुआ है। मल्लीताल मांस विक्रेता अतुल पाल ने बताया कि अन्य वर्षों की तुलना में इस वर्ष मांस की डिमांड कम है। वहीं ईओ दीपक गोस्वामी ने बताया कि अब तक नगर में 20 स्थानों पर अलाव जलाए जा रहे थे। थर्टी फर्स्ट पर 25 स्थानों पर अलाव जलाए जाएंगे। उधर, नए साल के लिए भीमताल, नौकुचियाताल, सातताल, भवाली, कैंची, मुक्तेश्वर और रामगढ़ क्षेत्र के होटलों और होम स्टे में सैलानी पहुंचने लगे हैं।

### केदारकांठा में नए साल का जश्न मनाने उमड़े पर्यटक

देहरादून। शीतकालीन पर्यटन स्थल केदारकांठा में अच्छी बर्फबारी से पर्यटकों के चेहरे खिले हुए हैं। गोविंद नेशनल पार्क क्षेत्र अंतर्गत स्थित इस पर्यटन स्थल में नए साल का जश्न मनाने अच्छी संख्या में पर्यटक उमड़े हैं। रविवार को मौसम खुलने पर कई पर्यटक बर्फ के बीच पैदल ट्रेक रूट पर बढ़ते नजर आए। दरअसल, पिछले कुछ वर्षों से सीमांत मोरी ब्लाक का केदारकांठा पर्यटन स्थल शीतकालीन पर्यटन स्थल के रूप में तेजी से उभरा है। केदारकांठा से सूर्योदय और सूर्यास्त का मनमोहन दृश्य दिखाई देता है। बीतते साल के साथ नए साल का सूर्योदय देखने के लिए बड़ी संख्या में पर्यटक यहां पहुंचते हैं।

### दिल्ली पुलिस ने 'स्पाइडर–मैन' को किया गिरफ्तार

नई दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने घरों में घुसकर चोरी करने वाले 'स्पाइडर–मैन' नाम के एक चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार उसे यह नाम उसकी घरों में घुसने की खासियत की वजह से मिला था। दरअसल वह दीवारों को फांदकर बिना किसी की नजर पड़े घरों में घुस जाया करता था। इसी वजह से लोग उसे 'स्पाइडर–मैन' कहने लगे थे। पुलिस ने आरोपी को उत्तर–पश्चिमी जिले के कबीर नगर इलाके से गिरफ्तार किया। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने चोरी के 5 अन्य मामले भी सुलझा दिए। इस बारे में जानकारी देते हुए पुलिस उपायुक्त (उत्तर–पश्चिम) भीष्म सिंह ने कहा, 'संगम पार्क से हमारी टीम ने योगेश नामक कुख्यात चोर को गिरफ्तार किया है, जिसको घरों में घुसने के अपने अनोखे तरीकों के कारण 'स्पाइडर–मैन' भी कहा जाता था।' अधिकारी ने आगे बताया कि 27 दिसंबर को भरत नगर के निवासी एक शख्स ने शिकायत दर्ज कराई थी कि रात के समय उसके घर में कोई घुस आया था, जो कि दो मोबाइल फोन, पैन कार्ड, आधार कार्ड और अन्य दस्तावेज समेत कीमती सामान चोरी करके ले गया। वारदात की शिकायत मिलने पर पुलिस ने 50 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज की जांच की और घटनास्थल के पास उसकी गतिविधियों के आधार पर आरोपी को ढूंढ निकाला।

# वित्तीय प्रबंधन का कमाल : खनन राजस्व एक हजार करोड़ तक जाने की उम्मीद

**– स्वयं के कर से भी वित्तीय वर्ष का कुल राजस्व 22500 करोड़ तक जाने की उम्मीद**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार, कुशल वित्तीय प्रबंधन का उदाहरण प्रस्तुत कर रही है। इस वित्तीय वर्ष के शुरुआती नौ महीनों में ही खनन से 686 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति हो चुकी है, जो गत वित्तीय वर्ष के कुल राजस्व 646 करोड़ रुपए से अधिक है। प्रदेश में वित्तीय अनुशासन बनाए रखने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर अपर मुख्य सचिव (वित्त), सचिव वित्त की अध्यक्षता में राजस्व अर्जित करने वाले विभागों के साथ पूरे वर्ष लगातार बैठकें की जा रही हैं। जिसके अब सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। इसी क्रम में खनन से होने वाली राजस्व प्राप्ति में वर्ष दर वर्ष वृद्धि हो रही है। वित्तीय वर्ष 2019–20 में खनन



से कुल 397 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था। जो वित्तीय वर्ष 2023–24 में बढ़कर 646 करोड़ जा पहुंचा। वित्तीय वर्ष 2023–24 में गत वित्तीय वर्ष के सापेक्ष लगभग 36.86 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। अब वित्तीय वर्ष 2024–25 में 29 दिसम्बर तक ही खनन से कुल 686 करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्ति हो चुकी है। जबकि इस वित्तीय वर्ष में अभी तीन माह शेष हैं, अब तक के आंकड़ों से इस वित्तीय वर्ष के अन्त तक खनन से 1000 करोड़ रुपए से अधिक की राजस्व प्राप्ति होने की उम्मीद है। जो कि वित्तीय वर्ष 2023–24 के सापेक्ष करीब 50 प्रतिशत अधिक होगी। रणनीति में किया बदलावः मुख्यमंत्री के निर्देश पर वित्त और खनन विभाग ने राजस्व बढ़ोत्तरी के लिए, रणनीति में बदलाव करते हुए, निगरानी का काम वाह्य सहायतित एजेन्सियों को दिया, जबकि पूर्व में खनन कार्यों की मॉनिटरिंग खनन विभाग द्वारा ही की जाती थी। जिसके सकारात्मक परिणाम आए हैं।

स्वयं के कर से भी बढ़ रहा राजस्व : राज्य के स्वंय के कर राजस्व में भी वर्ष दर वर्ष बढ़ोत्तरी हो रही है। वित्तीय वर्ष 2019–20 में राज्य को स्वंय के कर से 11513 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ था, जो कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में बढ़कर 19245 करोड़ हो गया।

# दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी मां–बेटे पकड़े

नई दिल्ली। दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के खिलाफ जारी दिल्ली पुलिस के ऐक्शन तेज हो गया है। इसी बीच, दिल्ली पुलिस ने अवैध रूप से राजधानी में रह रही एक बांग्लादेशी मां–बेटे को पकड़कर बांग्लादेश डिपोर्ट कर दिया है। बांग्लादेशी मूल की यह महिला 2005 से दिल्ली में रह रही थी, जबकि उसका बेटा 4 साल पहले यहां आया था।

दिल्ली पुलिस के साउथ कैंपस थाना स्टाफ द्वारा चलाए गए सत्यापन अभियान के दौरान पुलिस ने अवैध अप्रवासियों को ढूंढने के लिए तलाशी और खुफिया जानकारी इकट्ठा करते हुए दो बांग्लादेशियों की पहचान नईम खान (22) और उसकी मां नजमा खान के रूप में की। पुलिस के अनुसार, बांग्लादेशी महिला नजमा खान वर्ष 2005 से अवैध रूप से दिल्ली में रह रही थी। वहीं उसके बेटे ने पूछताछ में वर्ष 2020 में पश्चिम बंगाल बॉर्डर के रास्ते



भारत में प्रवेश करने की बात स्वीकार की। उसने बताया कि वह अपनी मां के साथ कटवारिया सराय में रह रहा था। पुलिस को 29 दिसंबर को दिल्ली के पिप्पल चौक के पास शास्त्री मार्केट में एक अवैध बांग्लादेशी नागरिक के बारे में सूचना मिली थी, जिसके बाद सत्यापन अभियान शुरू किया गया। हिरासत में लिए जाने के बाद, दोनों को विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के माध्यम से बांग्लादेश डिपोर्ट कर दिया गया। इस बीच, दिल्ली पुलिस क्षेत्र में और अधिक अवैध प्रवासियों की पहचान करने के लिए प्रयास कर रही है। पुलिस की यह कार्रवाई दिल्ली में बांग्लादेश से आए प्रवासियों सहित अन्य लोगों के अनधिकृत रूप से रहने पर चिंताओं को दूर करने के लिए दक्षिण पश्चिम जिला पुलिस के चल रहे प्रयासों का हिस्सा है।

दिल्ली पुलिस ने बांग्लादेशी नागरिकों सहित अनधिकृत प्रवासियों सहित वैध भारतीय दस्तावेजों के बिना राजधानी में रहने वाले व्यक्तियों की पहचान करने, उन्हें हिरासत में लेने और वापस भेजने के प्रयासों को तेज कर दिए हैं।

डीसीपी साउथ दिल्ली अंकित चौहान ने कहा कि साउथ डिस्ट्रिक्ट दिल्ली पुलिस द्वारा चलाए गए अभियान के तहत, बांग्लादेश से आए सात अवैध प्रवासियों का पता लगाया गया, जिनमें 5 महिलाएं और 2 पुरुष शामिल हैं। वे अपने साथ बांग्लादेशी आईडी लेकर आए थे। कुछ निर्माण स्थलों पर काम कर रहे हैं, जबकि कुछ ब्यूटी पार्लर में अपना नाम दर्ज कराने की योजना बना रहे हैं। आगे की जांच के बाद उन्हें विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय के माध्यम से डिपोर्ट कर दिया गया। इस अभियान के तहत, दिल्ली पुलिस ने दक्षिण–पश्चिम जिले में कई अभियान और संयुक्त निरीक्षण किए हैं।

### किसान नेता डल्लेवाल को अस्पताल भेजने नाकाम पंजाब सरकार

पंचकुला। सुप्रीम कोर्ट ने अलग–अलग मांगों को लेकर पिछले 36 दिनों से अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को अस्पताल में भर्ती कराने संबंधी उसके आदेश पर पंजाब सरकार द्वारा अनुपालन करने के मामले में मंगलवार को सुनवाई दो जनवरी तक टाल दी। जस्टिस सूर्यकांत और न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया की पीठ ने मामले में अगली सुनवाई के लिए दो जनवरी की तारीख तय की। इससे पहले पंजाब सरकार की ओर से महाधिवक्ता गुरमिंदर सिंह ने कहा कि अदालत के 20 दिसंबर के आदेश के अनुपालन के लिए तीन दिन का और समय मांगने के लिए एक आवेदन दायर किया गया है। सिंह ने कहा कि वार्ताकारों की एक टीम प्रदर्शन स्थल पर प्रदर्शनकारी किसानों के साथ बातचीत कर रही है और डल्लेवाल को खनौरी बॉर्डर के पंजाब की तरफ स्थित निकटवर्ती अस्थायी अस्पताल में स्थानांतरित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पीठ ने कहा कि वह प्रदर्शनकारी किसानों के साथ हुई चर्चा पर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहती और केवल अपने पूर्व आदेशों का अनुपालन चाहती है। पीठ ने सिंह की दलीलें दर्ज कीं और मामले की सुनवाई स्थगित कर दी।

# केटीआर को राहत, फॉर्मूला–ई रेसिंग मामले में फैसला आने तक गिरफ्तारी पर रोक

तेलंगाना। फॉर्मूला–ई कार रेसिंग मामले में भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे भारत राष्ट्र समिति के नेता और पूर्व मंत्री केटी रामाराव को तेलंगाना हाई कोर्ट ने राहत देते हुए उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। अदालत ने कहा कि याचिका पर अंतिम फैसला आने तक उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। केटीआर ने अपने खिलाफ दर्ज मामले को रद्द करने के लिए याचिका दायर की थी, जिस पर हाई कोर्ट में बहस पूरी हो चुकी है और अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है।

**क्या है मामला?**

केटी रामाराव पर आरोप है कि उन्होंने नगर प्रशासन और शहरी विकास मंत्री के रूप में अपने पद का दुरुपयोग करते हुए हैदराबाद में आयोजित फॉर्मूला–ई कार रेसिंग के आयोजकों को 55 करोड़ रुपये का भुगतान करवाया। यह भुगतान मौखिक आदेशों के आधार पर किया गया, जो न केवल बिना कैबिनेट की मंजूरी के हुआ बल्कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशा–निर्देशों का भी उल्लंघन था।

**एंटी–करप्शन ब्यूरो की कार्रवाई**

इस मामले में एंटी–करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया है। एसीबी ने आरोप लगाया कि यह धनराशि राज्य सरकार के खजाने से बिना उचित प्रक्रिया के जारी की गई। आरबीआई ने इस अनधिकृत लेनदेन पर उस समय की तेलंगाना सरकार पर 8 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया था, जिसे बाद में कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान चुकाया।



# सम्पादकीय

## बिजली चोरी या फिर अवैध निर्माण जवाबदेही तय हो

इस समय उत्तर प्रदेश में कई जगहों पर बिजली विभाग किसी भी रूप से बिजली चोरी करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रहा है। अतिक्रमण करने और अवैध कब्जा करने वाले लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई कर अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलाया जा रहा है। निश्चित रूप से समाज में संदेश जाना चाहिए कि जो भी गलत काम करेगा उस पर कार्रवाई की जाएगी। ऐसा संदेश जाएगा तो लोग अवैध काम करने से डरेंगे और बेहतर व्यवस्था और अच्छा समाज बनाने में मदद मिलेगी। लेकिन क्या ऐसी कार्रवाई करने की बात इतनी सरल है? अनेक लोग इस तरह की कार्रवाई को गलत बता रहैहैं। कुछ लोगों का आरोप है कि राजनीतिक द्वेष के कारण भी इस तरह के कदम उठाए जा रहे हैं। सवाल यह है कि क्या नियमित रूप से इस तरह की कार्रवाई की जाती है? क्या नियमित रूप से देखा जाता है कि कहां बिजली चोरी हो रही है, और कहां लोगों ने अवैध रूप से मकान बनाए हुए हैं, या कब्जे किए हुए हैं? हो सकता है कि अपवाद के तौर पर कहीं ऐसा होता हो लेकिन सामान्य तौर पर ऐसा नहीं होता। ज्यादातर मामलों में इस तरह की कार्रवाई किसी शिकायत या फिर अन्य कारणों से होती है। सवाल है कि सामान्य तौर पर ऐसी कार्रवाई क्यों नहीं होती? सामान्य तौर पर संबंधित कर्मचारी और अधिकारी क्या कर रहे होते हैं? कई मामलों में कर्मचारी और अधिकारी रित लेकर चुप हो जाते हैं, और अवैध काम की तरफ से मुंह मोड़ लेते हैं। निश्चित रूप से भारत लगातार विकास की राह पर अग्रसर है लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि देश में रित का खात्मा नहीं हो सका है। भरे बाजार में बिना नक्शा पास हुए बड़ी–बड़ी बिल्डिंग कैसे बन जाती हैं? किसी सुनसान जगह पर ऐसी बिल्डिंग बने तो बात समझ में आती है कि उस बिल्डिंग पर किसी अधिकारी की नजर नहीं पड़ी होगी। लेकिन ऐसे मुख्य बाजार और ऐसी मुख्य सडक़, जहां से अधिकारी रोज गुजरते हैं, पर भी अवैध निर्माण धड़ल्ले से होते हैं। समझ से परे है कि ऐसे निर्माण पर अधिकारियों का ध्यान क्यों नहीं जाता। जब ऐसी अवैध इमारतों में कोई हादसा हो जाता है, या इनकी शिकायत की जाती है तो अधिकारी तुरंत हरकत में जा जाते हैं। विपक्ष से जुड़े नेता की बिल्डिंग पर कार्रवाई होने में देर नहीं लगती।


Happy New Year

समस्त क्षेत्रवासियों को

गढ़वाल जीप टैक्सी समिति, कोटद्वार

की ओर से

नववर्ष एवं 2025 मकर सक्रान्ति

की हार्दिक शुभकामनाऐं

नववर्ष आप और आपके परिवार के लिये मंगलमय हो।


अध्यक्ष
अमर दीप सिंह रावत
मो0 9756505735


उपाध्यक्ष
मनोज पटवाल
मो0 9690538050


सचिव
अविनाश सिंह रावत
मो0 9927094056


कोषाध्यक्ष
दीन मोहम्मद
मो0 9917007084



Happy New Year

समस्त क्षेत्रवासियों को

नववर्ष एवं 2025 मकर सक्रान्ति की हार्दिक शुभकामनाऐं



अध्यक्ष गढ़वाल जीप टैक्सी समिति कोटद्वार

अमर दीप सिंह रावत

मो0 9756505735



समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनायें






टीकाराम कोटियाल

खण्ड विकास अधिकारी थलीसैंण



समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनाये





रघुवीर सिंह रावत

प्रभारी प्रधानाचार्य

अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज चाकीसैंण, थलीसैंण, पौड़ी गढ़वाल



समस्त क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों को नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनायें






दयाशंकर बलूनी

होटल प्रोस्पेरिटी, केदारनाथ बाईपास, उत्तरकाशी



समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनायें





दिनेश चौहान

क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विकासखंड थलीसैंण, पौड़ी गढ़वाल



समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनायें





भगवान सिंह गुसांई

क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विकासखंड पाबौ, पौड़ी गढ़वाल



समस्त क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों को नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनायें





जगदीश सिंह बिष्ट

ग्राम मरोड़ा ठेकेदार विद्युत विभाग थलीसैंण

# निकाय चुनावः मैदान में 184 पार्षद पद के प्रत्याशी



कोटद्वार नगर निगम कार्यालय

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** कोटद्वार निकाय चुनाव में 184 पार्षद पद के प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रत्याशियों ने घर-घर जाकर मतदाताओं के समक्ष तरह-तरह के वायदे करने भी शुरू कर दिए हैं। जनता को यह वायदे कितना भाएंगे, यह भविष्य पर निर्भर है। सोमवार को नामांकन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रत्याशियों ने अपनी कमर कस ली है। प्रत्याशियों ने अपने-अपने वार्डों में पहुंचकर जनता के बीच हाजिरी लगाना शुरू कर दिया है। कई प्रत्याशी युवाओं की टोली लेकर घर-घर पहुंचते हुए नजर आए तो कई पार्टी के कार्यकर्त्ताओं व पदाधिकारियों के साथ कार्यालय में बैठकर आगे की रणनीति बनाते हुए नजर आए। प्रत्याशी धरातल पर उतरने के साथ ही इंटरनेट मीडिया के माध्यम से भी अपना प्रचार-प्रसार करने में जुटे हुए हैं। महिला प्रत्याशी वार्ड का बेहतर विकास करने के साथ ही महिला सशक्तिकरण की भी बात कर रही हैं। बताते चलें कि कोटद्वार नगर निगम के चालीस वार्डों में 118433 मतदाता है, जिसमें 59866 महिला मतदाता व 58541 पुरुष मतदाता हैं। 2018 के मुकाबले इस चुनाव में 14325 मतदाताओं की संख्या बढ़ी है।

**यह है वार्डों में प्रत्याशियों की स्थित**

| वार्ड संख्या | वार्ड का नाम | प्रत्याशी |
|---|---|---|
| 01 | रतनपुर सनेह | 05 |
| 02 | कुंभीचौड | 07 |
| 03 | सनेह | 05 |
| 04 | गाड़ीघाट | 06 |
| 05 | लकड़ीपड़ाव | 03 |
| 06 | काशीरामपुर तल्ला | 03 |
| 07 | कौड़िया | 03 |
| 08 | गोविंदनगर | 06 |
| 09 | काशीरामपुर मल्ला | 05 |
| 10 | पनियाली तल्ली | 06 |
| 11 | झंडाचौक बद्रीनाथ | 05 |
| 12 | कालाबड़ | 05 |
| 13 | आढ़त बजार | 06 |
| 14 | जौनपुर | 03 |
| 15 | नयागांव | 04 |
| 16 | सिताबपुर | 04 |
| 17 | मानपुर | 05 |
| 18 | शिवपुर | 05 |
| 19 | लालपुर | 07 |
| 20 | पदमपुर सुखरौ द्वितीय | 07 |
| 21 | पदमपुर सुखरौ प्रथम | 05 |
| 22 | सिम्मलचौड़ | 05 |
| 23 | शिब्बूनगर | 03 |
| 24 | बालासौड़ | 04 |
| 25 | रतनपुर सुखरौ | 02 |
| 26 | बलभद्रपुर | 04 |
| 27 | दुर्गापुर | 04 |
| 28 | निम्बूचौड़ | 03 |
| 29 | घमंडपुर | 04 |
| 30 | नंदपुर | 08 |
| 31 | पदमपुर मोटाढांक | 02 |
| 32 | शिवराजपुर | 06 |
| 33 | हल्दुखाता मल्ला | 07 |
| 34 | उदयरामपुर नयावाद | 02 |
| 35 | त्रिलोकपुर | 04 |
| 36 | लोकमणिपुर | 04 |
| 37 | पश्चिमी झंडीचौड़ | 05 |
| 38 | उत्तरी झंडीचौड़ | 06 |
| 39 | पूर्वी झंडीचौड़ | 03 |
| 40 | जशोधरपुर | 04 |

# नशे में धुत युवक का उत्पात, पुलिस से भी हुई झड़प

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : मंगलवार शाम पटेल मार्ग तिराहे में नशे में धुत एक युवक ने जमकर उत्पात मचाया। युवक ने राह चलते लोगों के साथ गाली-गलौच व मारपीट भी की। इस दौरान युवक ने पुलिस से भी झड़प की। साथ ही पुलिस वाहन का पिछला शीशा भी तोड़ दिया।

कोतवाली कोटद्वार पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम लकड़ीपड़ाव निवासी श्रमिक राजकुमार अपनी मोटर साइकिल से बदरीनाथ मार्ग की ओर आ रहा था। इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही एक अन्य मोटर साइकिल ने उसे टक्कर मार दी। राजकुमार ने मोटर साइकिल चला रहे युवक का विरोध किया तो वह उल्टा उसी से झगड़ा करने लगा। यही नहीं नशे में धुत्त युवक ने राजकुमार को सड़क पर लेटाकर उसके साथ मारपीट भी की। आसपास मौजूद लोगों की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने जब युवक को पकड़ा तो वह पुलिस के साथ ही गाली-गलौच करने लगा। इस दौरान उसने कई पुलिस कर्मियों के साथ झड़प भी की। कड़ी मशक्कत के बाद जब पुलिस कर्मियों ने उसे अपने वाहन में बिठाया तो वह दरवाजा खोलकर बाहर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस कर्मियों ने वाहन का दरवाजा बंद किया तो उसने वाहन का पिछला शीशा मुक्का मारकर तोड़ दिया और वहीं से भागने का प्रयास करने लगा। किसी तरह पुलिस युवक को पकड़कर कोतवाली ले आई। इस दौरान वह पूरे रास्ते पुलिस व राह चलते लोगों के साथ गाली-गलौच करता रहा। मामले में राजकुमार की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई है। वहीं, पुलिस ने बताया कि युवक नशे में इतना धुत्त है कि वह अपना नाम व पता भी नहीं बता रहा है। नशा उतरने के बाद ही युवक से पूछताछ कर उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।



कोटद्वार कोतवाली में खड़ा पुलिस का वाहन जिसके पिछले कांच को युवक ने क्षतिग्रस्त कर दिया था

# जनता की समस्याओं को गंभीरता से सुने पुलिस

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** अपर पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने कोतवाली का निरीक्षण करते हुए पुलिस कर्मियों को जनता की समस्या गंभीरता से सुनने के निर्देश दिए। कहा कि पुलिस जनता के साथ मित्र जैसा व्यवहार रखें जिससे कोई भी बिना संकोच पुलिस तक अपनी शिकायत पहुंचा सकें। मंगलवार को एएसपी चंद्रमोहन सिंह ने कोतवाली का निरीक्षण किया। सबसे पहले अपर पुलिस अधीक्षक को पुलिस कर्मियों ने सलामी दी। इसके उपरांत एएसपी ने कोतवाली में रखे उपकरणों व अभिलेखों का निरीक्षण किया। साथ ही पुलिस को कोतवाली में साफ-सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के लिए निर्देश दिए। कहा कि पुलिस कर्मी सार्वजनिक स्थानों पर कूड़ा डालने के बजाय कूड़ेदान का उपयोग करें। साथ ही पुलिस कर्मी अपने आवास के आसपास भी सफाई का विशेष ध्यान दें। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में गश्त बढ़ाने के भी सख्त निर्देश दिए। कहा कि कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में अपनी जिम्मेदारियों को लेकर लापरवाही दिखाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कहा कि पुलिस अधिकारी व कर्मियों को स्कूल व वार्डों में जागरूकता अभियान चलाते हुए जनता को साइबर अपराध, नशा व अन्य अपराधों के प्रति जागरूक करना चाहिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को लंबित विवेचनाओं को जल्द पूर्ण करने के भी निर्देश दिए।


कोटद्वार कोतवाली में असलहों का निरीक्षण करते एएसपी चंद्रमोहन सिंह

# सात दिवसीय प्राथमिक शिक्षा वर्ग शुरू

**जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी :** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ जिला थैलीसैंण का सात दिवसीय प्राथमिक शिक्षा वर्ग सरस्वती शिशु मन्दिर धुमाकोट में शुरू हुआ। इस वर्ग में 5 ब्लाकों से लगभग 40 प्रशिक्षार्थी प्रतिभाग कर रहे हैं, जो बौद्धिक, शारीरिक प्रशिक्षण में योग, व्यायाम मार्शल आर्ट, दण्ड, नियुद्ध वशट विभिन्न प्रकार के खेलों का प्रशिक्षण लेंगे।

शिक्षण वर्ग के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए विभाग कार्यवाह संजय रावत ने बताया कि संघ भारतीय संस्कृति के संवृद्धन के साथ वसुधैव कुटुंबकं के भाव को मानकर समाज और राष्ट्र को समर्पित, चरित्रवान व्यक्तियों का निर्माण करता आ रहा है। संघ ने आज तक देश के करोड़ों युवाओं को समाज व राष्ट्र के लिए समर्पण व सेवा भाव से कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया है, जो समाज और राष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों में सेवा कार्य करते आ रहे हैं। भारतीय संस्कृति प्रकृति के अनुकूल जीवन पद्धति है। संघ ह्यसर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाह्ल के भाव को लेकर चलता है। समरसता और सामाजिक सद्भाव का भाव लेकर चलता है। यह प्रशिक्षण हर वर्ष लगता आ रहा है। प्रशिक्षण वर्ग में समाज का भी सहयोग मिलता है। विद्यार्थी, भूतपूर्व सैनिक, व्यवसायी, शिक्षक, कृषक आदि 15 से 65 वर्ष तक के प्रशिक्षार्थी इस वर्ग में हैं। वर्ग की विविध व्यवस्थाओं में स्वयं सेवक और कार्यकर्ता जुटे हैं।

# गढ़वाल विवि के तीन स्वयं सेवी परेड के लिए चयनित

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के एक स्वयंसेवी का चयन रिपब्लिक डे परेड कैंप के लिए हुआ है। चयनित छात्र अनुराग सिंह पंवार एक जनवरी से 31 जनवरी तक दिल्ली में आयोजित होने वाली रिपब्लिक डे परेड कैंप में प्रतिभाग करेंगे। गढ़वाल विवि के एनएसएस इकाई के वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राकेश नेगी ने बताया कि बिड़ला परिसर की छात्रा अंजलि गैरोला और मोहिनी का चयन राष्ट्रीय एकीकरण शिविर जम्मू के लिए हुआ है। यह 3 जनवरी से 9 जनवरी तक जीडब्लूसी परेड ग्राउंड में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने चयनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। (एजेंसी)

# वार्षिकोत्सव में दिखी सांस्कृतिक छटा

## लोक कलाकार सोसाइटी की ओर से मनाया गया वार्षिकोत्सव

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : लोक कलाकार सोसाइटी के वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक रंग बिखरे नजर आए। लोक कलाकारों ने गढ़वाली, कुमांउनी व जौनसारी गीतों की शानदार प्रस्तुति दी। गढ़वाली नृत्य नाटिका सीता हरण मुख्य आकर्षण का केंद्र रहा। कोटद्वार नगर निगम स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ सिद्धबली मंदिर समिति के अध्यक्ष डा. जेपी ध्यानी ने किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरूआत लोक कलाकार सोसाइटी से जुड़े लोक कलाकारों ने स्वागत गीत प्रस्तुत कर की। तत्पश्चात वीरेंद्र भंडारी व सरोज रावत के निर्देशन में गढ़वाली बोली में सीता हरण नाटिका प्रस्तुत की गई। जिसमें महिला कलाकारों ने बहुत ही शानदार अभिनय किया। वार्षिकोत्सव में लोकगीत, लोकनृत्य के साथ ही जागरों की प्रस्तुति भी दी गई। कार्यक्रम में थडिया, चौंफला की नृत्य व गायन प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। इस मौके पर सोसाइटी की अध्यक्ष सरोज रावत, ओमप्रकाश कबटियाल, हरीश चंद्र काला सहित तमाम सदस्य मौजूद रहे।


कोटद्वार के प्रेक्षागृह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार

## पूर्व दायित्वधारी सरिता नेगी ने थामा भाजपा का दामन

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : पौड़ी नगर पालिका में मंगलवार को कांग्रेस को बड़ा झटका लगा। कांग्रेस की टिकट पर इससे पूर्व पालिका अध्यक्ष का चुनाव लड़ी और कांग्रेस की वरिष्ठ नेता, पूर्व दायित्वधारी सरिता नेगी ने कांग्रेस छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। इस मौके पर सरिता नेगी ने कांग्रेस पर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं की उपेक्षा के आरोप लगाए और कहा कि वह 1787 से कांग्रेस के साथ मजबूती से खड़ी रही, लेकिन आज पार्टी में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। सरिता नेगी कांग्रेस में कई महत्वपूर्ण पदों पर रही हैं। सरिता नेगी ने 2003 से 2007 में तत्कालीन कांग्रेस सरकार में पशुकल्याण बोर्ड की जिम्मेदारी भी संभाली। राजनीति के साथ ही वह सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय रही। पशुबलि पर अंकुश लगाने के लिए सरिता नेगी ने एक लंबी लड़ाई लड़ी। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता गोदम्बरी रावत ने सोमवार को ही कांग्रेस छोड़ने का एलान किया था। अब पौड़ी में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में सरिता नेगी ने भाजपा ज्वाइंन कर दी। भाजपा के जिला प्रभारी विजय कपरवाण, जिला कार्यकारी अध्यक्ष कमल किशोर रावत और श्रीनगर नगर निगम के प्रभारी एवं राज्य मंत्री रमेश गड़िया ने उन्हें पार्टी में विधवत शामिल किया। इस मौके पर अन्य लोगों भी भाजपा में शामिल हुए।

# दूसरे दिन भी छाया रहा कोहरा, बढ़ी मुश्किल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : कोटद्वार शहर में दूसरे दिन भी कोहरा छाया हुआ था। शीत लहर के कारण आमजन का घरों से बाहर निकलना तक मुश्किल हो गया था। लोगों ने ठंड से बचने के लिए अलाव का सहारा लिया।

क्षेत्र में धीरे-धीरे ठंड का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को दूसरे दिन भी न्यूनतम तापमान नौ डिग्री सेंटीग्रड दर्ज किया गया। कोहरे के कारण आमजन का घरों से बाहर निकलना भी मुश्किल हो गया था। ठंड के कारण बाजार में भी लोगों की बहुत कम भीड़ दिखाई दी। आमजन को ठंड से निजात दिलवाने के लिए नगर निगम की ओर से रात के समय चौराहों में अलाव की भी व्यवस्था बनाई गई है। शाम ढहते ही निगम ने झंडाचौक, स्टेशन रोड, झंडाचौक, आमपड़ाव, लकड़ीपड़ाव सहित अन्य स्थानों पर अलाव जला दिए थे।


कोटद्वार में कोहरे के दौरान झंडा चौक में अलाव सेंकते लोग

# नए साल के जश्न में हुडदंग मचाया तो खैर नहीं

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी लोकेश्वर सिंह ने नववर्ष के आगमन पर जिले में सुरक्षा व्यवस्थों को मजबूत करने के सख्त निर्देश दिए है। कहा कि नए साल के जश्न में हुडदंग मचाने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने नए साल के मौके पर लोगों और पर्यटकों से शांतिपूर्ण, हर्षोल्लास के साथ मनाने के साथ ही नियमों का विशेष रूप से पालन की अपील की है।

एसएसपी ने बताया कि नए साल को देखते हुए जिले के सभी थाना प्रभारियों को चेकिंग व्यवस्था को और सघन और मजबूत करने, हर बैरियर पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ एल्कोमीटर के साथ सघन चेकिंग करने, शराब पीकर वाहन चलाने व यातायात के नियमों का उल्लंघन करते हुए पाये जाने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने, होटलों, ढाबों, विश्राम गृहों व रेस्टोरेंटो की सघनता से जांच करने के निर्देश दिए गए है। एसएसपी ने बताया कि नववर्ष के अवसर पर जश्न, पार्टियों होने वाले स्थानों को चिह्नित कर वहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम करने, लाउडस्पीकरों, डीजे बजाने या आतिशबाजी के लिए दिए गए आदेशों का पालन करने, देर रात्रि तक किसी भी प्रकार के वाद्य यंत्रों को बजाकर शांति व्यवस्था भंग करने पर कार्रवाई करने, अवैध तरीके की गतिविधियां, लड़ाई झगड़ा, मारपीट, हुड़दंग करना, या छेड़-छाड करने वालों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

# जांच में सही पाए गए अध्यक्ष के सभी नामांकन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : मंगलवार को निकाय चुनावों को लेकर नामांकन पत्रों की जांच की गई। पौड़ी नगर पालिका सीट से अध्यक्ष पद के लिए दाखिल सभी 6 नामांकन पत्र सही पाए गए। वहीं थलीसैंण नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए हुए दो नामांकन भी सही पाए गए।

पौड़ी पालिका अध्यक्ष पद के आरओ एवं एसडीएम पौड़ी दीपक रामचंद्र शेट ने बताया कि दाखिल सभी नामांकन पत्रों की जांच कर दी गई है। जांच में सभी नामांकन वैध पाए गए हैं। पौड़ी पालिका सीट पर भाजपा प्रत्याशी सुषमा देवी, कांग्रेस प्रत्याशी यशोदा नेगी सहित निर्दलीय प्रत्याशी हिमानी नेगी, कुसुम चमोली, प्रियंका पंत थपलियाल और बीरा भंडारी ने नामांकन किया है। वहीं सभासदों के नामांकन पत्रों की जांच जारी है। नामांकन पत्रों की जांच के लिए बुधवार का दिन भी है। वहीं थलीसैंण नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए हुए दो नामांकन भी सही पाए गए। आरओ राम नगीना ने बताया कि अध्यक्ष पद के दोनों नामांकनों में कोई त्रृटि नहीं पाई गई। इस सीट पर भाजपा की विनीता नेगी और कांग्रेस से वीरा देवी ने नामांकन करवाया था।

# पंकज ने किया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालीफाई

श्रीनगर गढ़वाल : पंजाब के गुरुकाशी विश्वविद्यालय भटिंडा में आयोजित अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय बॉक्सिंग पुरुष प्रतियोगिता में गढ़वाल विश्वविद्यालय के पंकज रिलकोटिया ने 57 किलोग्राम भार वर्ग के क्वार्टर फाइनल में स्थान बनाकर खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स के लिए क्वालीफाई किया है। गढ़वाल विश्वविद्यालय के सहायक निदेशक शारीरिक शिक्षा मोहित सिंह बिष्ट ने बताया कि विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी बॉक्सिंग में गढ़वाल विश्वविद्यालय की पुरुष व महिला दोनों टीमों का प्रदर्शन बेहतर रहा। बताया कि पुरुष वर्ग में 3 और महिला वर्ग में 1 बॉक्सर क्वालीफाई करने से चूक गए थे, लेकिन छात्रों के उल्लेखनीय योगदान से गढ़वाल विवि में खुशी की लहर है। (एजेंसी)

# सेंट थेरेसास और राइंका धद्दी के बीच होगा फाइनल मुकाबला

श्रीनगर गढ़वाल : रोटरी क्लब अलकनंदा वैली उत्तराखंड की ओर से स्व. विमला जुगरान की स्मृति में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता में मंगलवार को सेमीफाइनल मुकाबले खेले गये। एनआईटी खेल मैदान में प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल रेनबो पब्लिक स्कूल और श्री गुरुराम राय पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें श्री गुरुराम राय पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 97 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी रेनबो पब्लिक स्कूल ने चार विकेट से जीत हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया। प्रतियोगिता का दूसरा सेमीफाइनल जीआईसी धद्दी और रेनबो पब्लिक स्कूल के बीच खेला गया। रेनबो पब्लिक स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर में तीन विकेट के नुकसान में 75 रनों का लक्ष्य दिया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी जीआईसी धद्दी की आठ ओवर में ही लक्ष्य का प्राप्त कर सेमीफाइनल में पहुंच गई। प्रतियोगिता में नेहा को वुमेन आफ द मैच चुना गया। बालिका वर्ग का दूसरा सेमीफाइनल जीआईसी मलेथा और सेंट थेरेसास कॉन्वेंट स्कूल के बीच खेला गया। जिसमें सेंट टेरेसास कॉन्वेंट स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए आठ ओवर खेलते हुए 72 रनों का लक्ष्य रखा। सेंट थेरेसास कॉन्वेंट स्कूल ने मैच जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर आकांक्षा को वुमेन ऑफ द मैच चुना गया। प्रतियोगिता के खेल सचिव प्रदीप मल्ल ने बताया कि बुधवार को प्रतियोगिता के फाइनल मुकाबले खेले जायेंगे। मौके पर रोटरी क्लब अलकनंदा वैली के अध्यक्ष अर्जुन सिंह गुसाईं, कृपाल सिंह पटवाल, मनोज कण्डवाल, वरुण बर्तवाल सहित आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# रुद्रप्रयाग में अध्यक्ष पद के चार प्रत्याशियों में रोचक मुकाबला

रुद्रप्रयाग., रुद्रप्रयाग नगर पालिका चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए यदि चारों प्रत्याशी मैदान में रहे तो मुकाबला काफी रोचक होगा। हालांकि 2 जनवरी को इसका भी फैसला हो जाएगा कि आखिरकार मैदान में कितने प्रत्याशी खड़े हैं। फिलहाल निर्दलीय प्रत्याशियों के मैदान में रहने से भाजपा–कांग्रेस के लिए जीत फतह करना बड़ी चुनौती है। सात वार्ड वाली रुद्रप्रयाग नगर पालिका में करीब 7800 वोटर हैं। ऐसे में करीब 4 हजार वोट पर पकड़ रखने वाला प्रत्याशी चुनाव में जीत हासिल कर सकता है। भाजपा से चन्द्रमोहन सेमवाल और कांग्रेस से दीपक भंडारी पार्टी के कैडर वोट के आधार पर मजबूत हैं। वहीं कांग्रेस से बागी निर्दलीय प्रत्याशी संतोष रावत और निर्दलीय प्रत्याशी अशोक चौधरी का नगर में अच्छा–खासा जनाधार है। ऐसे में भाजपा–कांग्रेस के सामने दोनों निर्दलीय प्रत्याशी मुसीबत का सबब बने हैं। हालांकि कांग्रेस जिलाध्यक्ष कुंवर सजवाण का कहना है कि निर्दलीय प्रत्याशी संतोष रावत से पार्टी स्तर से मनाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। जबकि संतोष रावत पूरी तरह चुनाव लड़ने का मन बनाए हैं। ऐसे में यदि निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव मैदान में डटे रहे तो भाजपा–कांग्रेस के लिए जीत फतह करना इतनी आसान नही होगी।


## उत्तर रेलवे

### ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/मुख्यालय/मुरादाबाद द्वारा ई–टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अन्तर्गत आमंत्रित किये जाते हैं। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| Tender No. Date | 285-DRM-MB-24-25 dt. 30.12.2024 | 286-DRM-MB-24-25 dt. 30.12.2024 | 287-DRM-MB-24-25 dt. 30.12.2024 |
|---|---|---|---|
| Name of Work | Special repair to improve the running room at CH and MB under Sr.DEN/HQ/MB | ZONE 02 (2024-25) from CH-MB, CH-HGJ, RJK-SHTS section (excluding ZRTI, CH & MB) for staff qtrs & service building under ADEN/CH. | ZONE 03 (2024-25) for staff quarters and service buildings in ZRTI/CH under ADEN/CH. |
| Tender Closing Date Time | 24.01.2025 | 24.01.2025 | 24.01.2025 |
| Advertised Value (Rs.) | 67,63,034.54 | 79,99,974.52 | 51,99,987.58 |
| Earnest Money (Rs.) | 1,35,300.00 | 1,60,000.00 | 1,04,000.00 |
| Tender Cost (Rs.) | 0.00 | 0.00 | 0.00 |
| Bidding Start Date | 10.01.2025 | 10.01.2025 | 10.01.2025 |
| Period of Completion | 06 Month | 06 Month | 06 Month |

पत्रांक: 75-W/2/3/WA/Publication, दिनांक: 31.12.2024 3984/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/चतुर्थ द्वारा निम्नलिखित ई–टेंडर संख्या जिनके बंद होने की तिथि व समय प्रत्येक सामने अंकित हैं। जो उसी दिन 16:00 बजे तक प्राप्त किये जायेंगे। निम्नलिखित टेंडर संख्या के अंतर्गत आमंत्रित किए जाते हैं। निविदा की कीमत तथा धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ऑनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चेक डिपॉजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होगा। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखें।

| टेंडर संख्या | 281-DRM-MB-24-25 Date: 27.12.2024 | 282-DRM-MB-24-25 Date: 27.12.2024 | 283-DRM-MB-24-25 Date: 27.12.2024 | 284-DRM-MB-24-25 Date: 27.12.2024 |
|---|---|---|---|---|
| कार्य का नाम | Safety work related misc. track works in the section of SSE/P.way/AMRO under ADEN/GJL | Safety work related misc. track works in the section of SSE/P.way/GJL under ADEN/GJL | Safety work related misc. track works in the section of SSE/P.way/BJO under ADEN/GJL | Misc. bridge work in the section of ADEN/NBD under Sr. DEN/IV/MB. |
| टेंडर क्लोजिंग दिनांक/समय | 24.01.2025 (16:00 hrs.) | 24.01.2025 (16:00 hrs.) | 24.01.2025 (16:00 hrs.) | 24.01.2025 (16:00 hrs.) |
| अनुमानित लागत | ₹84,64,373.71 | ₹84,38,258.00 | ₹94,31,850.25 | ₹59,19,943.87 |
| धरोहर राशि | ₹1,69,300.00 | ₹1,69,800.00 | ₹1,88,600.00 | ₹1,18,400.00 |
| ऑफर की वैधता | 12 माह | 12 माह | 12 माह | 06 माह |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 10.01.2025 | 10.01.2025 | 10.01.2025 | 10.01.2025 |

सं.: Sr. DEN-IV/Publication/24-25 दिनांक: 31.12.2024 3994/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे डाईविंग लाईसेंस संख्या UK-1520100007259 में मेरे पिता का नाम भूलवश आनन्द सिंह अंकित हो गया है। जबकि मेरे पिता का सही व वास्तविक नाम त्रिलोक सिंह है। अतः मेरे डाईविंग लाईसेंस संख्या में मेरे पिता का सही व वास्तविक नाम त्रिलोक सिंह अंकित कर डाईविंग लाईसेंस निर्गत किया जाए।

**प्रदीप कुमार पुत्र स्व0 त्रिलोक सिंह निवासी ग्राम व पोस्ट झंडीचौड़, तहसील कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल, उत्तरकाशी, उत्तराखण्ड।**
(0642/21)

## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पति आर्मी नं0 4067844F एक्स हवलदार अनुसूया प्रसाद पुत्र स्व0 सचिदानन्द के सैनिक अभिलेखों में मेरा नाम श्रीमती पुष्पा देवी तथा जन्मतिथि 25/09/1966 भूलवश दर्ज हो गई है, जबकि आधार कार्ड सहित अन्य अभिलेखों में मेरा नाम पुष्पा गोस्वामी व सही जन्मतिथि 10/09/1963 है। अतः मेरे पति के सैनिक अभिलेखों में मेरा सही व वास्तविक नाम पुष्पा गोस्वामी व सही जन्मतिथि 10/09/1963 दर्ज की जाए।

**पुष्पा गोस्वामी पत्नी अनुसूया प्रसाद निवासी ग्राम हरसिंहपुर, तहसील कोटद्वार, जनपद पौड़ी गढ़वाल, उत्तरकाशी, उत्तराखण्ड।**
(0641/21)


# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई किशोर न्याय बोर्ड की बैठक

चमोली। जिलाधिकारी संदीप तिवारी की अध्यक्षता में मंगलवार को समेकित बाल संरक्षण योजना के अंतर्गत जिला बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड एवं चाइल्ड हेल्पलाइन द्वारा संचालित कार्यो की समीक्षा बैठक हुई। जिसमें बाल संरक्षण योजना का लाभ जरूरतमंद बच्चों तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि अनाथ व पीडित किसी भी बच्चे का प्रमाण पत्र बनाने में समस्या आ रही हो तो तत्काल संज्ञान में लाया जाए। ताकि तहसील स्तर से उसका त्वरित निराकरण किया जा सके। जिला बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के अंतर्गत अब तक किए गए कार्यो की सराहना करते हुए जिलाधिकारी ने आगे भी पीड़ित एवं अनाथ बच्चों त्वरित राहत एवं मदद पहुंचाने पर जोर दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने मानसिक रोग से पीड़ित एक बच्चे को उपचार के लिए देहरादून ले जाने और वहां रहने की समस्या का समाधान भी किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने के निर्देश भी दिए। चाइल्ड हेल्पलाइन की परियोजना समन्वयक ने बताया कि जनपद में अब तक 208 पीड़ित एवं अनाथ बच्चों के मामले दर्ज किए गए है, जिसमें से 190 बच्चों को शासन की योजनाओं का लाभ दिया जा चुका है और 18 बच्चों के प्रकरण अभी प्रक्रिया में है.बैठक में जिला प्रोबेशन अधिकारी धनंजय लिंगवाल, जिला बाल कल्याण समिति की अध्यक्षा हेमलता भट्ट, सदस्य राजेन्द्र सिंह नेगी, पान सिंह रावत, ऊषा रावत, किशोर न्याय बोर्ड के एडवोकेट बलवीर सिंह राणा, बाल संरक्षण इकाई के सह विधि अधिकारी प्रदीप सिंह, चाइल्ड हेल्पलाइन की परियोजना समन्वयक रजनी भंडारी मौजूद थी।




## जयन्त

**संस्थापक**

स्व.नरेन्द्र उनियाल

प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी

**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित

—सम्पादक

**नागेन्द्र उनियाल**

आर.एन.आई. 35469/79



फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com

# नलकूप खराब, पानी को तरसे वार्डवासी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत सिमलचौड़ वार्ड के गणेश विहार कॉलोनी में शुक्रवार को जल संस्थान के नलकूप की मोटर फुंकने से क्षेत्र में पेयजल संकट गहरा गया है। कुछ क्षेत्रों में जल संस्थान की ओर से वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर अन्य नलकूपों से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, लेकिन पानी का प्रेशर कम होने के कारण लोगों को सर्दी के इस मौसम में पेयजल के लिए भटकना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने जल संस्थान से नलकूप की मोटर जल्द ठीक करा पेयजल की आपूर्ति सुचारु करने की मांग की है।

सिमलचौड़ के गणेश विहार कॉलोनी निवासी रीना देवी, नरेंद्र सिंह, ब्रिजेंद्र सिंह, नरेश कुमार, रेनू ध्यानी आदि ने बताया कि क्षेत्र में पेयजल की समस्या को देखते हुए जल संस्थान की ओर से चार साल पहले नलकूप का निर्माण किया गया। नलकूप बनने के बाद से क्षेत्र में पेयजल की आपूर्ति सुचारु रूप से हो रही थी। इस नलकूप से सिमलचौड़, पदमपुर कच्ची नाली, डिफेंस कॉलोनी के कुछ हिस्सों में पेयजल की आपूर्ति होती है। कहा कि दो दिन पहले नलकूप की मोटर फुंकने से क्षेत्र में पेयजल का संकट गहरा गया है।

## परीक्षा 2 जनवरी को

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के परीक्षा नियत्रंक प्रो. जेएस चौहान ने बताया कि बीते 28 जनवरी को बीएससी पंचम सेमेस्टर की इंग्लिश कम्युनिकेशन स्किल की निरस्त हुई परीक्षा अब 2 जनवरी को प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक आयोजित की जायेगी। (एजेंसी)

## सुभाष सदन बना ओवर आल चैंपियन

**जयन्त प्रतिनिधि। कोटद्वार :** लैंसडौन स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल की डाइस स्टेडियम में चल रही 33वीं वार्षिक स्पोर्ट्स व कल्चरल मीट समारोह का मंगलवार को समापन हो गया है। समापन दिवस पर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि गढ़वाल राइफल्स के कमांडेंट, ब्रिगेडियर विनोद सिंह नेगी ने किया। तत्पश्चात छात्रों ने मार्च पास्ट कर उन्हें सलामी दी। इसके बाद शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। सुभाष सदन को ओवरऑल परफॉर्मेंस के लिए चैंपियन घोषित कर विजेता ट्रॉफी और नेहरूसदन को उपविजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। चेयरमैन ट्रॉफी अंबिका को मिली। वहीं प्राइमरी बालक वर्ग में आरव रावत तथा बालिका वर्ग में आरवी रावत, जूनियर बालक वर्ग में अर्नव रावत व बालिका वर्ग में परिधी गुसाईं और सीनियर बालिका वर्ग में अनुकृति बिष्ट तथा बालक वर्ग में तरूण खत्री को बेस्ट एथलीट का पुरस्कार दिया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य विजेंद्र दत्त सुंद्रियाल, डिप्टी कमांडेंट कर्नल कुलदीप सिरोही, ट्रेनिंग बटालियन कमांडर कर्नल प्रणव जोशी, एडम बटालियन कमांडेंट कर्नल गुरविंदर सिंह गिल और मेजर विवेक गिरि सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

समस्त क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों को नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनायें




सुभाष पोखरियाल "डब्बू"
सामाजिक कार्यकर्ता
ग्राम पोखरी, पट्टी चोपराकोट, थलीसैंण, पौड़ी गढवाल।

समस्त क्षेत्र एवं प्रदेशवासियों को नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनायें




अमर सिंह नेगी
डायरेक्टर उत्तराखंड एप्पल फेडरेशन
जिला पंचायत सदस्य (चौथान)
जिला अध्यक्ष ( किसान मोर्चा) भारतीय जनता पार्टी

समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनायें




श्रीमती मंजू बिष्ट
ब्लॉक प्रमुख
थलीसैंण, पौड़ी गढ़वाल

समस्त देश एवं प्रदेशवासियों को नववर्ष 2025 की हार्दिक शुभकामनायें




नरेन्द्र सिंह रावत (कुट्टी भाई)
निर्वतमान अध्यक्ष
जिला सहकारी बैंक लि0 कोटद्वार,
पौड़ी गढ़वाल